ॐ नमोऽर्हते भगवते श्रीमते त्रैलोक्यनाथाय, घातिकर्मविनाशनाय, अष्ट-महाप्रातिहार्यसहिताय, चतुस्त्रिंशदतिशयसमेताय, अनन्तदर्शनज्ञानवीर्यसुखा-त्मकाय, अष्टादशदोषरहिताय, पञ्चमहाकल्याणसम्पूर्णाय, नवकेवललब्धि-समन्विताय, दशविशेषणसंयुक्ताय, देवाधिदेवाय, धर्मचक्राधीश्वराय, धर्मोपदेशनकराय, चमरवैरोचनाच्युतेन्द्रप्रभृतीन्द्रशतेन मेरुगिरिशिखरशेखरी-भूतपाण्डुकशिलातलेन, गन्धोदकपरिपूरितानेकविचित्रमणिमयमङ्गलकलशै-रभिषिक्तमिदानीमर्हं त्रैलोक्येश्वरमर्हत्परमेष्ठिनमभिषेचयामि हं झं इवीं क्ष्वीं हं सः द्रां द्रीं ऐं अर्हं ह्रीं क्लीं ब्लूं द्रां द्रीं द्रावय-द्रावय अ सि आ उ सा सर्वशान्तिं कुरु-कुरु स्वाहा।

(क्रमशः आठ द्रव्यों से पूजन करनी चाहिए।)

ॐ ह्रीं श्री वृषभादिवीरान्तेभ्योऽत्रावतरावतर संवौषट् इत्याह्वाननम्।

ॐ ह्रीं श्री वृषभादिवीरान्तेभ्योऽत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्री वृषभादिवीरान्तेभ्योऽत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

ॐ ह्रीं शीतोदकप्रदानेन शीतलो भगवान् प्रसीदतु शीता आपः पान्तु शिवमाङ्गल्यन्तु श्रीमदस्तु वः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

ॐ ह्रीं गन्धोदकप्रदानेन अभिनन्दनो भगवान् प्रसीदतु गन्धाः पान्तु शिवमाङ्गल्यन्तु श्रीमदस्तु वः चन्दनं निर्वपामीति स्वाहा।

ॐ ह्रीं अक्षतोदकप्रदानेन अनन्तो भगवान् प्रसीदतु अक्षताः पान्तु शिवमाङ्गल्यन्तु श्रीमदस्तु वः अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

ॐ ह्रीं पुष्पोदकप्रदानेन पुष्पदन्तो भगवान् प्रसीदतु पुष्पाणि पान्तु शिवमाङ्गल्यन्तु श्रीमदस्तु वः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

ॐ ह्रीं नैवेद्यप्रदानेन नेमिनाथो भगवान् प्रसीदतु पीयूषपिण्डाः पान्तु शिवमाङ्गल्यन्तु श्रीमदस्तु वः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ॐ ह्रीं दीपप्रदानेन चन्द्रप्रभो भगवान् प्रसीदतु कर्पूरमाणिक्य दीपाः पान्तु शिवमाङ्गल्यन्तु श्रीमदस्तु वः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

ॐ ह्रीं धूपप्रदानेन धर्मनाथो भगवान् प्रसीदतु गुग्गुलादिदशाङ्गधूपाः पान्तु शिवमाङ्गल्यन्तु श्रीमदस्तु वः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

ॐ ह्रीं फलप्रदानेन पार्श्वनाथो भगवान् प्रसीदतु क्रमुकनारिङ्गप्रभृतिफलानि पान्तु शिवमाङ्गल्यन्तु श्रीमदस्तु वः फलं निर्वपामिति स्वाहा।

(क्रमशः पाँच अर्घ्य चढ़ाने चाहिए।)

ॐ अर्हन्तः पान्तु वः सद्धर्मश्रीबलायुरारोग्यैश्वर्याभिवृद्धिरस्तु वः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ॐ सिद्धाः पान्तु वः हृदयं निर्वाणं प्रयच्छन्तु वः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ॐ आचार्याः पान्तु वः शीतलसौगन्ध्यमस्तु वः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ॐ उपाध्यायाः पान्तु वः सौमनस्यं चास्तु वः अर्घ्यं निर्वपामिति स्वाहा।

ॐ सर्वसाधवः पान्तु वः अन्नदानतपोवीर्यविज्ञानमस्तु वः अर्घ्यं निर्वपामिति स्वाहा।

उदकचन्दनतन्दुलपुष्पकै-
श्चरुसुदीपसुधूपफलार्घ्यकैः।
धवलमङ्गलगानरवाकुले,
जिनगृहे जिननाथमहं यजे।

ॐ ह्रीं श्री पञ्चपरमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ॐ सम्प्रतिकाल-श्रेयस्कर-स्वर्गावतरण-जन्माभिषेक-परिनिष्क्रमण-केवलज्ञान-निर्वाणकल्याणविभूषितमहाभ्युदयाः।

(अब क्रम से तीर्थंकरों की जयकार करके पुष्प चढ़ाने चाहिए।)

ॐ वृषभस्वामिनः श्रीपादपद्मप्रसादादष्टविधकर्मविनाशनमस्तु वः।

(आदिनाथ भगवान की जय।)

ॐ श्रीमदजितस्वामिनः श्रीपादपद्मप्रसादादजेयशक्तिर्भवतु वः।

(अजितनाथ भगवान की जय।)

ॐ श्री सम्भवस्वामिनः श्रीपादपद्मप्रसादादनेकगुणगणाश्चास्तु वः।

(सम्भवनाथ भगवान की जय।)

ॐ श्री अभिनन्दनस्वामिनः श्रीपादपद्मप्रसादादभिमतफलं पवित्रं प्रयच्छन्तु वः।

(अभिनन्दननाथ भगवान की जय।)

ॐ श्री सुमतिस्वामिनः श्रीपादपद्मप्रसादादमृतं पवित्रं प्रयच्छन्तु वः।

(सुमतिनाथ भगवान की जय।)

ॐ श्री पद्मप्रभस्वामिनः श्रीपादपद्मप्रसादाद् दयां प्रयच्छन्तु वः।

(पद्मप्रभ भगवान की जय।)

ॐ श्री सुपार्श्वस्वामिनः श्रीपादपद्मप्रसादात्कर्मक्षयाश्चास्तु वः।

(सुपार्श्वनाथ भगवान की जय।)

ॐ श्री चन्द्रप्रभस्वामिनः श्रीपादपद्मप्रसादाच्चन्द्रार्कतेजोऽस्तु वः।

(चन्द्रप्रभ भगवान की जय।)

ॐ श्री पुष्पदन्तस्वामिनः श्रीपादपद्मप्रसादात्पुष्पसायकातिशयोऽस्तु वः।

(सुविधिनाथ भगवान की जय।)

ॐ श्री शीतलस्वामिनः श्रीपादपद्मप्रसादादशुभकर्ममलप्रक्षालनमस्तु वः।

(शीतलनाथ भगवान की जय।)

ॐ श्री श्रेयांसजिनस्वामिनः श्रीपादपद्मप्रसादात् श्रेयस्करोऽस्तु वः।

(श्रेयांसनाथ भगवान की जय।)

ॐ श्री वासुपूज्यस्वामिनः श्रीपादपद्मप्रसादाद् रत्नत्रयवासं करोऽस्तु वः।

(वासुपूज्य भगवान की जय।)

ॐ श्री विमलस्वामिनः श्रीपादपद्मप्रसादात्सद्धर्मवृद्धिर्वैं माङ्गल्यं चास्तु वः।

(विमलनाथ भगवान की जय।)

ॐ श्री अनन्तनाथस्वामिनः श्रीपादपद्मप्रसादाद् धनधान्याभिवृद्धिरक्षणमस्तु वः।

(अनन्तनाथ भगवान की जय।)

ॐ श्री धर्मनाथस्वामिनः श्रीपादपद्मप्रसादाच्छर्मप्रचयोऽस्तु वः।

(धर्मनाथ भगवान की जय।)

ॐ श्रीमदर्हत्परमेश्वर-सर्वज्ञपरमेष्ठी शान्तिनाथस्वामिनः श्रीपादपद्मप्रसादा-च्छान्तिं करोऽस्तु वः।

(शान्तिनाथ भगवान की जय।)

ॐ श्री कुन्थुनाथस्वामिनः श्रीपादपद्मप्रसादात्तन्त्राभिवृद्धिकरोऽस्तु वः।

(कुन्थुनाथ भगवान की जय।)

ॐ श्री अरजिनस्वामिनः श्रीपादपद्मप्रसादात्परमकल्याणपरम्परास्तु वः।

(अरनाथ भगवान की जय।)

ॐ श्री मल्लिनाथस्वामिनः श्रीपादपद्मप्रसादाच्छल्यविमोचनकरोऽस्तु वः।

(मल्लिनाथ भगवान की जय।)

ॐ श्री मुनिसुव्रतस्वामिनः श्रीपादपद्मप्रसादात्सम्यग्दर्शनं चास्तु वः।

(मुनिसुव्रतनाथ भगवान की जय।)

ॐ श्री नमिनाथस्वामिनः श्रीपादपद्मप्रसादात्सम्यग्ज्ञानं चास्तु वः।

(नमिनाथ भगवान की जय।)

ॐ श्री अरिष्टनेमिस्वामिनः श्रीपादपद्मप्रसादादक्षयं चारित्रं ददातु वः।

(नेमिनाथ भगवान की जय।)

ॐ श्रीमत्पार्श्वभट्टारकस्वामिनः श्रीपादपद्मप्रसादात्सर्वविघ्नविनाशनमस्तु वः।

(पार्श्वनाथ भगवान की जय।)

ॐ श्री वर्द्धमानस्वामिनः श्रीपादपद्मप्रसादात्सम्यग्दर्शनाद्यष्टगुणविशिष्टं चास्तु वः।

(महावीर भगवान की जय।)

ॐ ह्रीं लोकोद्योतनकरा अतीतकालसञ्जाता निर्वाण-सागर-महासाधु-विमलप्रभ-श्रीधर-सुदत्त-अमलप्रभ-उद्धर-अङ्गिर-सन्मति-सिन्धु-कुसुमाञ्जलि-शिवगण-उत्साह-ज्ञानेश्वर-परमेश्वर-विमलेश्वर-यशोधर-कृष्णमति-ज्ञानमति-शुद्धमति-श्रीभद्र-अतिक्रान्त-शान्ताश्चेति चतुर्विंशति भूतकालीन परमदेवपूजनप्रसादात्सर्वशान्तिर्भवतु।

ॐ ह्रीं भविष्यत्कालाभ्युदयप्रभवाः महापद्मदेव-सुरदेव-सुपार्श्व-स्वयम्प्रभ-सर्वात्मभूत-देवपुत्र-कुलपुत्र-उदङ्क-प्रोष्ठिल-जयकीर्ति-मुनिसुव्रत-अर-निष्पाप-निष्कषाय-विपुल-निर्मल-चित्रगुप्त-समाधिगुप्त-स्वयम्भू-अनिवर्तक-जय-विमल-देवपाल-अनन्तवीर्याश्चेति भविष्यत्-कालीन परमदेवपूजनप्रसादात्सर्वशान्तिर्भवतु।

ॐ त्रिकालवर्ती परमधर्माभ्युदयाः सीमन्धर-युगमन्धर-बाहु-सुबाहु-सुजात-स्वयम्प्रभ-वृषभानन-अनन्तवीर्य-सुरप्रभ-विशालकीर्ति-वज्रधर-चन्द्रानन-भद्रबाहु-भुजङ्गम-ईश्वर-नेमप्रभ-वीरसेन-महाभद्र-देवयश-अजितवीर्याश्चेति पञ्चविदेहक्षेत्र-विद्यमानविंशतिपरमदेवपूजनभक्तिप्रसादात् सर्वशान्तिर्भवतु तुष्टिपुष्टिश्च भवतु।

पूजिता भरताद्यैश्च, भूपेन्द्रैर्भूरिभूतिभिः।
चतुर्विधस्य सङ्घस्य, शान्तिं कुर्वन्तु शाश्वतीम्।।

विघ्नौघाः प्रलयं यान्ति, शाकिनी-भूत-पन्नगाः।
विषो निर्विषतां याति, स्तूयमाने जिनेश्वरे।।
दुर्भिक्षादि महादोषा-निवारणपरम्पराः।
कुर्वन्तु जगतः शान्तिं, जिनश्रुतमुनीश्वराः।।
यत्संस्मरणमात्रेण, विघ्ना नश्यन्ति मूलतः।
कुर्वन्तु जगतः शान्तिं, जिनश्रुतमुनीश्वराः।।
शिवं च लभते प्राणी, यत्प्रसादात्प्रसादतः।
कुर्वन्तु जगतः शान्तिं, जिनश्रुतमुनीश्वराः।।

ॐ वृषभाद्ययो महतिमहावीरवर्द्धमानपर्यन्ताश्चतुर्विंशतितीर्थङ्करा अर्हन्तो भगवन्तः सर्वज्ञाः सर्वदर्शिनः सकलवीर्याः वीतरागद्वेषमोहास्त्रिलोकनाथास्त्रि-लोकमहितास्त्रिलोकप्रद्योतनकराजातिजरामरणविप्रमुक्ता भव्यजनहृत्-कमलवनसम्बोधनकरा देवाधिदेवा अनेकगुणगणालंकृतदिव्यदेहधराः पञ्च-महाकल्याणाष्टमहाप्रातिहार्यचतुस्त्रिंशदतिशयविशेषसम्प्राप्ताः सुरासुरोरगेन्द्र-मुकुटतटघटितमणिगणकिरणरागरञ्जितचारुचरणारविन्दद्वन्द्वा नृपतिशत-सहस्रालंकृत-सार्वभौमराजाधिराज-परमेश्वर-सकलचक्रवर्ती-बलदेव-वासु-देव-मण्डलीक-महामण्डलीक-महामात्य-सेनानाथ-राजश्रेष्ठि- पुरोहिता-धीश-कराञ्जलिनमित-करतलकमलमुकुलालंकृतपादपद्मयुगलाः विद्याधर-राजकिरीटकोटिरुचिररोविग्वृष्ट-चञ्चच्चरणकमलाः कुलिशनाल-रजतमृणाल-मन्दारकर्णिकारातिकुलगिरिशिखरिशेखरगगनगमन-मन्दाकिनी -महाह्रदनद -नदीसहस्रदलकमलवासिन्यादि-सर्वाभरणभूषिताङ्गसकल-सुरसुन्दरी-वृन्दवन्दित-चारुचरणकमलयुगला देवाधिदेवाः सशिष्यप्रति-शिष्यानुवर्गाः प्रसीदन्तु वः।

ॐ परम निर्वाणमार्गप्राप्ताः परममाङ्गल्य **((परम पूज्य चारित्र-चक्रवर्ती, आचार्यश्री आदिसागरपरम्परायां तत्पट्टशिष्य आचार्यश्री महावीरकीर्तेः पट्टशिष्य आचार्यश्री सन्मतिसागरस्य पट्टशिष्य आचार्यश्री सुविधिसागरस्य ससंघ सानिध्ये)** ---नामधेयस्य सद्धर्मकार्येष्वैहिकामूत्रके च सिद्धाः सिद्धिं प्रयच्छन्तु वः।

(प्रत्येक वाक्य के बाद प्रीयन्तां-प्रीयन्तां बोलते हुए जलधारा छोड़नी चाहिए।)

ॐ आमौषधयः क्ष्वेलौषधयः जल्लौषधय विडौषधयः सर्वौषधश्च वः।

ॐ मतिःस्मृतिसंज्ञाचिन्ताभिनिबोधज्ञानिनश्च वः।

ॐ कोष्ठबुद्धिबीजबुद्धिपादानुसारीबुद्धिसम्भिन्नश्रोतृश्रवणाश्च वः।

ॐ जलचारणजङ्घाचारणतन्तुचारणभूमिचारणपुष्पचारणश्रेणिचारणपत्रचारण-फलचारणचतुरङ्गुलचारणाकाशचारणाश्च वः।

ॐ मनोबलिवचोबलिकायबलिनश्च वः।

ॐ सुधामधुक्षीरसर्पिराश्राव्यक्षीणमहानसाः वः।

ॐ सप्तर्द्धिगुणसंयुक्ताश्च वः।

ॐ उग्रतपो दिप्ततपो महातपो घोरतपोऽनुपमतपो महोग्रतपश्च वः।

ॐ मतिश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलज्ञानिनश्च वः।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो अरिहंताणं णमो जिणाणं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अप्रतिचक्रे फट् विचक्राय ह्रीं ह्रीं स्वाहा। ऋद्धिमन्त्रभक्तिप्रसादात्सर्वेषां शान्तिर्भवतु, विशूचिका-ज्वरादिरोगविनाशनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो ओहिजिणाणं परमोहिजिणाणं शिरोरोगविनाशनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो सव्वोहिजिणाणं अक्षीरोगविनाशनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो अणंतोहिजिणाणं कर्णरोगविनाशनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो कोट्ठबुद्धीणं बीजबुद्धीणं ममात्मनि विवेकज्ञानं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो पादाणुसारीणं परस्परविरोधविनाशनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो संभिण्णसोदाराणं श्वासरोगविनाशनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो सयंबुद्धाणं कवित्वं पाण्डित्वं च भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो पत्तेयबुद्धाणं प्रतिवादिविद्याविनाशनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो बोहियबुद्धाणं पूर्णश्रुतज्ञानं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो उजुमदीणं सर्वशान्तिर्भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो विउलमदीणं बहुश्रुतज्ञानं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो दसपुव्वीणं सर्ववेदिनो भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो चोद्दसपुव्वीणं स्वसमय-परसमयवादिनो भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो अट्ठंगमहाणिमित्तकुसलाणं जीवितमरणादिज्ञानं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो विउव्वइड्ढिपत्ताणं कामितवस्तुप्राप्तिर्भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो विज्जाहराणं उपदेशदेशमात्रज्ञानं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो चारणाणं नष्टपदार्थचिन्ताज्ञानं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो पण्णसमणाणं आयुषावसानज्ञानं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो आगासगामीणं अन्तरीक्षगमनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो आसीविसाणं विद्वेषप्रतिहतं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो दिट्ठिविसाणं स्थावरजङ्गमकृतविषविनाशनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो उग्गतवाणं वचस्तम्भनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो दित्ततवाणं सेनास्तम्भनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो तत्ततवाणं अग्निस्तम्भनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो महातवाणं जलस्तम्भनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो घोरतवाणं विषरोगादिविनाशनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो घोरगुणाणं दुष्टमृगादिभयविनाशनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो घोरपरक्कमाणं लूताङ्गर्भातिकावलिविनाशो भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो घोरगुणबंभयारीणं भूतप्रेतादिभयविनाशो भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो आमोसहिपत्ताणं जन्मान्तरवैरभावविनाशनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो खेल्लोसहिपत्ताणं सर्वापमृत्युविनाशनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो जल्लोसहिपत्ताणं अपस्मारप्रलापनं-चिन्ताविनाशनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो विप्पोसहिपत्ताणं गजमारिविनाशनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो सव्वोसहिपत्ताणं मनुष्यामरोपसर्गविनाशनो भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो मणबलीणं ॐ ह्रीं अर्हं णमो वचिबलीणं ॐ ह्रीं अर्हं णमो कायबलीणं अपस्मारि-गो-अजमारिविनाशनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो खीरसवीणं अष्टादशकुष्टगण्डमालादिकविनाशनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो सप्पिसवीणं समस्तशीतज्वरविनाशनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो महुरसवीणं सर्वव्याधिविनाशनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो अमियसवीणं समस्तोपसर्गविनाशनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो अक्खीणमहाणसाणं अक्षीणर्द्धिर्भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो वड्ढमाणाणं राजपुरुषादिभयविनाशं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो सव्वसिद्धायदणाणं सर्वकार्यसिद्धिर्भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो भयवदो महदिमहावीरवड्ढमाणबुद्धरिसीणं समाधिसुखं भवतु।

चतुःषष्ठी ऋद्धिमन्त्रपूजनभक्तिप्रसादाच्चतुःसङ्घानां सर्वशान्तिर्भवतु तुष्टिपुष्टिश्च भवतु। धन-धान्यसमृद्धिर्भवतु, रत्नत्रयप्राप्तिर्भवतु।

ॐ यमवरुणकुबेरवासवाश्च वः।

ॐ असुरनागविद्युत्सुपर्णाग्निवातस्तनितोदधिद्वीपदिक्कुमारादि दशविध-भवनवासिकाश्च वः।

ॐ अनन्तवासुकीतक्षककर्कोटकमहापद्मशङ्खपालकुलिशजयविजयादि-महोरगाश्च वः।

ॐ इन्द्राग्नियमनैर्ऋत्यवरुणवायुकुबेरेशानधरणेन्द्रसोमदेवता इति दश-विधदिग्देवताश्च वः।

ॐ सुरासुरोरगेन्द्रचमरचारणसिद्धविद्याधरकिन्नरकिंपुरुषगरुडगन्धर्वयक्ष-राक्षसभूतपिशाचाश्च वः।

ॐ बुध-शुक्र-बृहस्पति-अर्क-इन्दु-शनैश्चाङ्गारक-राहु-केतु-तारकादि महाग्रहज्योतिष्कदेवताश्च वः।

ॐ चमर-वैरोचन-धरणेन्द्र-नन्द-भूतानन्द-वेणुदेव-वेणुधारि-पूर्ण-वशिष्ठ-जलकान्त-जलप्रभ-घोष-महाघोष-हरिषेण-हरिकान्त-अमितगति -अमितवाहन-वेलाञ्जन-प्रभञ्जन-अग्निशिखी-अग्निवाहनाश्चेति विंशति भवनेन्द्राश्च वः।

ॐ गीतरति-गीतकान्त-सत्पुरुष-महापुरुष-सुरूप-प्रतिरूप-घोष-प्रतिघोष-पूर्णभद्र-मणिभद्र-पुरुषचूल-महाचूल-भीम-महाभीम-काल-महाकालाश्चेति षोडशव्यन्तरेन्द्राश्च वः।

ॐ नाभिराज-जितशत्रु-दृढराज-स्वयंवर-मेघराज-धरणराज-सुप्रतिष्ठ-महासेन-सुग्रीव-दृढरथ-विष्णुराज-वसुपूज्य-कृतवर्म-सिंहसेन-भानुराज-विश्वसेन-सुरसेन-सुदर्शन-कुम्भराज-सुमित्र-जयवर्मा-समुद्रविजय-अश्वसेन-सिद्धार्थश्चेति जिनजनकाश्च वः।

ॐ मरुदेवी-जया-सुषेणा-सिद्धार्था-मङ्गला-सुसीमा-पृथ्वीमती-लक्ष्मीमती-रामा-सुनन्दा-वैष्णवी-विजया-सुशर्मा-लक्ष्मणा-सुदत्ता-ऐरादेवी-कमलावती-सुमित्रा-प्रभावती-पद्मावती-सुभद्रा-शिवादेवी-ब्रह्मला-प्रियकारिण्यभिधानाश्चेति चतुर्विंशतिजिनजनन्यो वः।

ॐ वृषभमुख-महायक्ष-त्रिमुख-यक्षेश्वर-तुम्बुर-कुसुमवर-नन्दी-विजय-अजित-ब्रह्मेश्वर-कुमार-षण्मुख-पाताल-किन्नर-किम्पुरुष-

गरुड-गन्धर्व-महेन्द्र-कुबेर-वरुण-विद्युत्प्रभ-सर्वाह्न-धरणेन्द्र-मातङ्गनामा-श्चेति चतुर्विंशति यक्षेन्द्राश्च वः।

ॐ चक्रेश्वरी-रोहिणी-प्रज्ञप्ति-वज्रशृङ्खला-पुरुषदत्ता-मनोवेगा-काली-ज्वालामालिनी-महाकाली-मानवी-गौरी-गान्धारी-वैरोटी-अनन्तमती-मानसी-महामानसी-जया-विजया-अपराजिता-बहुरूपिणी-चामुण्डी-कुष्माण्डी-पद्मावती-सिद्धायिन्यश्चेति चतुर्विंशतियक्षीदेवताश्च वः।

ॐ कुलगिरिशिखरशेखरीभूत-महाह्रदादिसरोवरमध्यस्थित-सहस्रदल-कमलवासिन्यो मानिन्यः सकलसुरसुन्दरीवृन्दवन्दित-पादकमलाश्च वः।

ॐ यक्ष-वैश्वानर-राक्षस-नधृत-पन्नग-असुर-सुकुमार-पितृ-विश्वमालिनी-चमर-वैरोचन-महाविद्यमार-विश्वेश्वर-पिण्डाशनाश्चेति पञ्चदशतिथिदेवताश्च वः।

ॐ सौधर्म-ऐशान-सानत्कुमार-माहेन्द्र-ब्रह्म-ब्रह्मोत्तर-लान्तव-कापिष्ठ-शुक्र-महाशुक्र-शतार-सहस्रार-आनत-प्राणत-आरण-अच्युतादि षोडशकल्पवासिनश्च वः।

ॐ हिट्ठिमहिट्ठिम-हिट्ठिममज्झिम-हिट्ठिमोवरिम-मज्झिमहिट्ठिम-मज्झिम-मज्झिम-मज्झिमोवरिम-उपरिमहिट्ठिम-उवरिममज्झिम-उवरिमोवरिम नवग्रैवेयकवासिनोऽहमिन्द्रदेवाश्च वः।

ॐ अर्च्च-अर्च्चमालिनी-वज्र-वैरोचन-सोम-सोमरूपक-अङ्क-स्फटिक-आदित्यादि नवानुदिश-वासिनश्च वः।

ॐ विजय-वैजयन्त-जयन्त-अपराजित-सर्वार्थसिद्धिनामधेय-पञ्चानुत्तर-विमानवासिनश्च वः।

ॐ सारस्वत-आदित्य-वह्नि-अरुण-गर्दतोय-तुषित-अव्याबाध-अरिष्टा-श्चेत्यष्टौ लौकान्तिक-देवगणाश्च वः।

ॐ अग्न्याभ-सूर्याभ-चन्द्राभ-सत्याभ-श्रेयस्कर-क्षेमङ्कर-वृषभेष्ट-कामचर-निर्माणरज-दिगन्तरक्षित-आत्मरक्षित-सर्वरक्षित-मरुदेव-वसु-देव-अश्व-विश्वाश्चेति देवर्षयो वः।

ॐ अतीत-अनागत-वर्तमान-विकल्पानेकानेकविविधगुण-सम्पूर्णाष्ट-गुणसंयुक्त-सकलसिद्ध-समूहाश्च वः।

सर्वकालमपि **(परम पूज्य चारित्र-चक्रवर्ती, आचार्यश्री आदिसागरपरम्परायां तत्पट्टशिष्य आचार्यश्री महावीरकीर्तेः पट्टशिष्य आचार्यश्री सन्मतिसागरस्य पट्टशिष्य आचार्यश्री सुविधिसागरस्य ससंघ सानिध्ये)** ---नामधेयस्य

(प्रत्येक शब्द के साथ तथास्तु बोलना चाहिए।)

सम्पत्तिरस्तु, सिद्धिरस्तु, वृद्धिरस्तु, तुष्टिरस्तु, पुष्टिरस्तु, शान्तिरस्तु, कान्तिरस्तु, कल्याणमस्तु, सम्पदस्तु, मनःसमाधिरस्तु, श्रेयोभिवृद्धिरस्तु। शाम्यन्तु घोराणि, शाम्यन्तु पापानि।

(प्रत्येक शब्द के साथ वर्धतां बोलना चाहिए।)

पुण्यं वर्धतां, धर्मो वर्धतां, आयुर्वर्धतां, श्रीर्वर्धतां, कुलं गोत्रं चाभिवर्धतां।

स्वस्ति भद्रं चास्तु वः, स्वस्ति भद्रं चास्तु नः, ततो भूयो भूयः श्रेयो श्रेयः ॐ ह्रीं इ्वीं क्ष्वीं हं सः स्वस्त्यस्तु ते स्वस्त्यस्तु मे स्वाहा।

ॐ नमोऽर्हते भगवते श्रीमते श्रीमत्पार्श्वतीर्थङ्कराय श्रीमद् रत्नत्रयालंकृताय, दिव्यतेजोमूर्तये नमः, प्रभामण्डलमण्डिताय द्वादशगणपरिवेष्टिताय शुक्लध्यान -पवित्राय सर्वज्ञाय स्वयम्भुवे सिद्धाय बुद्धाय परमात्मने परमसुखाय त्रिलोक-महिताय अनन्तसंसारचक्रपरिमर्दनाय अनन्तज्ञानाय अनन्तदर्शनाय अनन्त-वीर्याय अनन्तसुखाय सिद्धाय बुद्धाय त्रिलोकवशङ्कराय सत्यज्ञानाय सत्य-ब्रह्मणे धरणेन्द्रफणामण्डलमण्डिताय उपसर्गविनाशनाय घातिकर्मक्षय-ङ्कराय अजराय अमराय अपवायं **(परम पूज्य चारित्र-चक्रवर्ती, आचार्यश्री आदिसागर-परम्परायां तत्पट्टशिष्य आचार्यश्री महावीरकीर्तेः पट्टशिष्य आचार्यश्री सन्मतिसागरस्य पट्टशिष्य आचार्यश्री सुविधिसागरस्य ससंघ सानिध्ये)** ---नामधेयस्य अस्माकं

(प्रत्येक शब्द के बाद छिन्दि-छिन्दि, भिन्दि-भिन्दि बोलना चाहिए।)

मृत्युम्। हन्तुकामम्। रतिकामम्। बलिकामम्। क्रोधम्। मानम्। मायाम्। लोभम्। पापम्। हिंसाम्। मृषाम्। चौर्यम्। अब्रह्मम्। परिग्रहम्। वैरम्। वायुधारणम्। अग्निम्। सर्वशत्रुम्। सर्वोपसर्गम्। सर्वविघ्नम्। सर्वभयम्। सर्वराजभयम्। सर्वचौरभयम्। सर्वदुष्टभयम्। सर्वमृगभयम्। सर्वमात्मचक्रभयम्। सर्वपरमन्त्रम्। सर्वशूलरोगम्। सर्वक्षयरोगम्। सर्वकुष्ठरोगम्। सर्वक्रूररोगम्। सर्वनरमारीम्। सर्वगजमारीम्। सर्वाश्वमारीम्। सर्वगोमारीम्। सर्वमहिषमारीम्। सर्वधान्यमारीम्। सर्ववृक्षमारीम्। सर्वगुल्ममारीम्। सर्वपत्रमारीम्। सर्वपुष्पमारीम्। सर्वफलमारीम्।

सर्वराष्ट्रमारीम्। सर्वदेशमारीम्। सर्वविषमारीम्। सर्ववेतालशाकिनीभयम्। सर्ववेदनीयम्। सर्वमोहनीयम्। सर्वकर्माष्टकम्।

(प्रत्येक शब्द के बाद कुरु-कुरु बोलना चाहिए।)

ॐ सुदर्शनमहाराजचक्रविक्रमतेजोबलशौर्यवीर्यशान्तिम्। सर्वजना-नन्दनम्। सर्वभव्यानन्दनम्। सर्वगोकुलानन्दनम्। सर्वग्रामनगरखेटकर्वट-मटम्बपत्तनद्रोणमुखसंवाहानन्दनम्। सर्वलोकानन्दनम्। सर्वदेशानन्दनम्। सर्वयजमानानन्दनम्।

सर्वदुःखं हन-हन, दह-दह, पच-पच, कुट-कुट, शीघ्रं-शीघ्रं सर्व वशमानय हूं फट् स्वाहा।

ॐ पुण्याहं पुण्याहं प्रियन्तां-प्रियन्ताम्।

भगवन्तोऽर्हन्तः सर्वज्ञाः सर्वदर्शिनः सकलवीर्याः सकलसुखास्त्रिलोकेशा-स्त्रिलोकेश्वरपूजितास्त्रिलोकनाथास्त्रिलोकमहितास्त्रिलोकप्रद्योतनकरा जातिजरामरणविप्रमुक्ताः सर्वविदश्च।

ॐ श्री-ह्री-धृति-कीर्ति-बुद्धि-लक्ष्म्यश्च वः प्रियन्तां-प्रियन्ताम्।

ॐ वृषभादिवर्द्धमानाः शान्तिकराः सर्वकर्मरिपुविजयकान्तार-दुर्गविषयेषु रक्षन्तु मे जिनेन्द्राः।

आदित्य-सोम-अङ्गारक-बुध-बृहस्पति-शुक्र-शनैश्चर-राहु-केतुनाम नवग्रहाश्च वः प्रियन्तां-प्रियन्ताम्।

तिथि-करण-नक्षत्र-वार-मुहूर्त-लग्नदेवाश्च इहान्यत्रग्रामनगरा-धिदेवताश्च ते सर्वे गुरुभक्ता अक्षीणकोश-कोष्ठागारा भवेयुः दानतपोवीर्यधर्मा-नुष्ठानादि नित्यमेवास्तु मातृ-पितृ-भ्रातृ-पुत्र-पौत्र-कलत्र-गुरु-सुहृत्स्वजन-सम्बन्धिबन्धुवर्गसहितस्यास्य यजमानस्य **(परम पूज्य चारित्र-चक्रवर्ती, आचार्यश्री आदिसागरपरम्परायां तत्पट्टशिष्य आचार्यश्री महावीरकीर्तेः पट्टशिष्य आचार्यश्री सन्मतिसागरस्य पट्टशिष्य आचार्यश्री सुविधिसागरस्य ससंघ सानिध्ये)** --- नामधेयस्य

(प्रत्येक शब्द के बाद तथास्तु बोलना चाहिए।)

धनधान्यैश्वर्यद्युतिबलयशःकीर्तिबुद्धिवर्द्धनं भवतु। सामोदः प्रमोदो भवतु। शान्तिर्भवतु। कान्तिर्भवतु। तुष्टिर्भवतु। पुष्टिर्भवतु। सिद्धिर्भवतु। वृद्धिर्भवतु। अविघ्नमस्तु। आरोग्यमस्तु। आयुष्यमस्तु। शुभकर्मास्तु। कर्मसिद्धिरस्तु।

शास्त्रसमृद्धिरस्तु। इष्टसम्पदस्तु। अरिष्टनिरसनमस्तु। धनधान्यसमृद्धिरस्तु।

काम माङ्गल्योत्सवः सन्तु, शाम्यन्तु घोराणि, शाम्यन्तु पापानि।

(प्रत्येक शब्द के साथ वर्द्धतां बोलना चाहिए।)

पुण्यं वर्द्धताम्। धर्मो वर्द्धताम्। श्री च वर्द्धताम्। आयुर्वर्द्धताम्। कुलगोत्रं चाभिवर्द्धताम्।

स्वस्ति भद्रं चास्तु वः, स्वस्ति भद्रं चास्तु नः, इवीं क्वीं हं सः स्वस्त्यस्तु ते स्वस्त्यस्तु मे स्वाहा।

यत्सुखं त्रिषु लोकेषु, व्याधिव्यसनवर्जितम्।
अभयं क्षेममारोग्यं, स्वस्तिरस्तु विधीयते।।

(प्रत्येक शब्द के साथ तथास्तु बोलना चाहिए।)

श्री शान्तिरस्तु। शिवमस्तु। जयोऽस्तु। नित्यमारोग्यमस्तु। तव दृष्टिसुपुष्टिरस्तु। कल्याणमस्तु। सुखमस्तु। अभिवृद्धिरस्तु। दीर्घायुरस्तु। कुल-गोत्र-धन-धान्यं सदास्तु।

ॐ नमोऽर्हते भगवते श्रीमते प्रक्षीणाशेषदोषकल्मषाय दिव्यतेजोमूर्तये नमः श्री शान्तिनाथाय शान्तिकराय सर्वपापप्रणाशनाय सर्वविघ्नविनाशनाय सर्वरोगापमृत्युविनाशनाय सर्वपरकृत-क्षुद्रोपद्रवविनाशनाय सर्वक्षामरडामर-विनाशनाय ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा **(परम पूज्य चारित्र-चक्रवर्ती, आचार्यश्री आदिसागरपरम्परायां तत्पट्टशिष्य आचार्यश्री महावीरकीर्तेः पट्टशिष्य आचार्यश्री सन्मतिसागरस्य पट्टशिष्य आचार्यश्री सुविधिसागरस्य ससंघ सानिध्ये)** ---नामधेयस्य सर्वशान्तिं कुरु-कुरु तुष्टिं कुरु-कुरु पुष्टिं कुरु-कुरु वषट् स्वाहा।

इत्यनेन मन्त्रेण नवग्रहशान्त्यर्थं गन्धोदकधारावर्षणम्।

पद्मप्रभ-चन्द्रप्रभ-वासुपूज्य-विमल-अनन्त-धर्म-शान्ति-कुन्थु-अर-नमि-वर्द्धमान-वृषभ-अजित-सम्भव-अभिनन्दन-सुमति-सुपार्श्व-शीतल-श्रेयांस-पुष्पदन्त-मुनिसुव्रत-मल्लि-नेमि-पार्श्वनाथ इत्येभ्यो नमो नमः।

पूर्वोक्त मन्त्राणां पूजनभक्तिप्रसादात् ऋष्यार्यिकाश्रावकश्राविकानां सर्वक्रोध-मान-माया-लोभ-हास्य-रति-अरति-शोक-भय-जुगुप्सा-स्त्रीवेद-पुरुषवेद-नपुंसकवेदविनाशनं भवतु, मिथ्यात्व-राग-द्वेष-मोह-मत्सर-असूया-ईर्ष्या-विभाव-विकार-विषाद-प्रमाद-कषाय-विकथाविनाशनं भवतु,

सर्वपश्चेन्द्रियविषयेच्छा-स्नेह-आशा-रौद्राकुलता-व्याधि-दीनता-पाप-दोष-विरोधविनाशनं भवतु, सर्वममकार-विकल्प-निद्रा-तृष्णा-अधिताप-दुःख-वैर-अहङ्कार-सङ्कल्पविनाशो भवतु, सर्वाहार-भय-मैथुन-परिग्रह-संज्ञाविनाशो भवतु, सर्वसंख्यातकर्मविनाशनं भवतु, सर्वासंख्यातकर्मविनाशनं भवतु। सर्वमोहनीय-ज्ञानावरणीय-दर्शनावरणीय-अन्तराय-वेदनीय-नाम-गोत्र-आयुःकर्मविनाशनं भवतु।

(छन्द = वसन्ततिलका)

कल्याणमस्तु कमलाभिमुखी सदास्तु,
दीर्घायुरस्तु कुलगोत्रसमृद्धिरस्तु।
आरोग्यमस्त्वभिमतार्थफलाप्तिरस्तु,
भद्रं तवास्तु जिनपुङ्गवभक्तिरस्तु।।

(छन्द = शार्दूलविक्रीडित)

श्रीमज्जैनजिनार्चितप्रगटित-स्याद्वादरत्नाकरः,
सद्धर्मामृतचन्द्रसुश्रुतकरो-लावण्यरत्नाकरः।
मोक्षद्वारकपाटपाटनपटुः प्रध्यानरत्नाकरः,
भौमो भूरि गुणाकरो विजयते योगीन्द्ररत्नाकरः।।

पवित्रतरगन्धोदकेन जिनमभिषेचयामि स्वाहा।

गन्धोदक लेने का मन्त्र

(छन्द = शार्दूलविक्रीडित)

मुक्तिश्रीवनिताकरोदकमिदं पुण्याङ्कुरोत्पादकं,
नागेन्द्रत्रिदशेन्द्रचक्रपदवी राज्याभिषेकोदकम्।
स्यात्सज्ज्ञानचरित्रदर्शनलता संसिद्धिसम्पादकं,
कीर्तिश्रीजयसाधकं तव जिन! स्नानस्य गन्धोदकम्।।

(छन्द = शार्दूलविक्रीडित)

नेत्रद्वन्द्वरुजो विनाशनकरं गात्रं पवित्रीकरं,
वातोपित्तकफादिदोषरहितं गात्रं च सत्रं भवेत्।
कामालाक्षयकुष्टरोगविषमग्राहक्षयङ्कारि तत्,
श्रीमत्पार्श्वजिनेन्द्रपादयुगल-स्नानस्य गन्धोदकम्।।

(छन्द = शार्दूलविक्रीडित)

घातिव्रातविघातजातविपुल-श्रीकेवलज्योतिषो-
देवस्यास्य पवित्रगात्रकलनात्पूतं हितं मङ्गलम्।
कुर्याद् भव्यभवार्तिदावशमनं स्वर्मोक्षलक्ष्मीफलं,
प्रोद्यद्धर्मलताभिवर्द्धनमिदं सद्गन्धगन्धोदकम्।।

(छन्द = शार्दूलविक्रीडित)

निःशेषाभ्युदयोपभोगफलवत्पुण्याङ्कुरोत्पादकं,
धृत्वा पङ्कनिवारकं भगवतः स्नानोदकं मस्तके।
ध्यातो विश्वमुनीश्वरैरभिनुतौ प्रेक्षावतामर्चितौ,
इन्द्राद्यैर्मुहूरर्चितौ जिनपतेः पादौ समभ्यर्चये।।

(छन्द = उपजाति)

सम्पूजकानां प्रतिपालकानां,
यतीन्द्रसामान्यतपोधनानाम्।
देशस्य राष्ट्रस्य पुरस्य राज्ञः,
करोतु शान्तिं भगवाँज्जिनेन्द्रः।।

ॐ शान्तिः -मङ्गलं भूयात्।

आत्मशान्ति को प्राप्त करने के लिए तथा विविध प्रकार के संकटों का विनाश करने के लिए जिनेन्द्र भगवान के मस्तक पर भक्तिपूर्वक जो धारा की जाती है, उसे शान्तिधारा कहते हैं।

वर्तमान में अनेक प्रकार की शान्तिधाराएँ उपलब्ध हो रही हैं। अधुनातन विद्वानों ने आधुनिक विघ्नों के नाम जोड़ कर भी इनका निर्माण किया है। इन सभी का उद्देश्य समान होने के कारण सभी उचित ही हैं।

शान्तिधारा करते समय दो नियमों का परिपालन अवश्य करना चाहिए। यथा-

१. शान्तिधारा करते समय नियम से मौन रखना चाहिए।

२. शान्तिधारा करते समय धारा को अखण्डित रखना चाहिए।

शान्तिधारा करते समय जितनी उपयोगशुद्धि होगी, शान्तिधारा का फल उतनी ही शीघ्रता से प्राप्त होगा।

परिशिष्ट

बहुत से लोगों के कुतर्क हैं कि पूर्व में केवल पाँच ही अमृत थे। परवर्ती लोगों ने बोली से धन को प्राप्त करने के लिए अनेक प्रकार के द्रव्यों से अभिषेक का आरम्भ किया। ऐसा कहना उचित नहीं है। इक्षुरसाभिषेक केवल इक्षुरसाभिषेक न होकर अनेक फलों के अभिषेक का प्रतिनिधि है।

किन-किन फलों से अभिषेक हो सकता है?

इस विषय में कुछ फलों का नामोल्लेख करते हुए आचार्यप्रवरश्री सोमदेव जी महाराज ने लिखा है-

द्राक्षाखर्जूरचोचेक्षुप्राचीनामलकोद्भवैः।
राजादनाम्रपूगोत्थैः स्नापयामि जिनं रसैः।।

(अभिषेकपाठसंग्रह पृष्ठ ४४)

अर्थात् :- द्राक्षा **अंगूर**-खर्जूर **खजूर**-चोच **नारियल**-इक्षु **गन्ना**-प्राचीन **पूराने** आमलक-उद्भवैः **आँवले से निर्मित,** राजादन, आम्र **आम**-पूग **सुपारी** उत्थैः **इनसे बने हुए** रसैः **रसों से** जिनम् **जिनेन्द्र का** स्नापयामि **अभिषेक करता हूँ।**

विविध फलों के अभिषेक के मन्त्र भी प्राप्त होते हैं। उनमें से कुछ फलों के अभिषेकविषयक पद्य इस प्रकार हैं-

नारियलरस का अभिषेक

नारिकेलरसैः स्वच्छैः, शीतैः पूतैर्मनोहरैः।
स्नानक्रियां कृतार्थस्य, विदधे विश्वदर्शिनः।।

(अभिषेकपाठसंग्रह पृष्ठ २८२)

आम्ररस का अभिषेक

सपक्वैः कनकच्छायैः, सामोदैमोदकारिभिः।
सहकाररसैः स्नानं, कुर्म शर्मैकसद्मनः।।

(अभिषेकपाठसंग्रह पृष्ठ २८३)

शर्करारस का अभिषेक

मुक्त्यङ्गनानर्मविकीर्यमानैः,
पिष्टार्थकर्पूररजोविलासैः।

माधुर्यधुर्यैर्वरशर्करौघै–
र्भक्त्या जिनस्य स्नपनं करोमि।।

(अभिषेकपाठसंग्रह पृष्ठ २८३)

सर्वौषधि अभिषेक भी अनेक प्रकार के अभिषेकों का प्रतिनिधि है। उसमें वृक्षों के छालों से निर्मित काढ़ों से अभिषेक होता है। उसे ही कषायाभिषेक कहते हैं।

कषायाभिषेक

क्षीरद्रुमत्वक्कलितैः सुखोष्णैः,
कषायनीरैःरभिषेचयामः।
कषायनाशोद्यदनन्तबोधं,
भवज्वरामूलविलोपनार्थम्।।

(अभिषेकपाठसंग्रह पृष्ठ ३३३)

अभिषेक जैनविधि नहीं है–ऐसा कथन अनेक विद्वानों के मुख से सुना जा रहा है।

जैनागम का परिशीलन करने पर उनका यह कथन भ्रान्त सिद्ध होता है। चरणानुयोग के श्रावकाचारों में इसका विशेष वर्णन पाया जाता है। जिन द्रव्यों से अभिषेक होता है–उन द्रव्यों से अभिषेक करने पर प्राप्त होने वाले फलों का विस्तारपूर्वक वर्णन आचार्यों ने किया है।

पाँचवीं शताब्दी के ज्येष्ठ और श्रेष्ठ आचार्यश्री पूज्यपाद जी महाराज ने नन्दीश्वरभक्ति में **अभिषेकप्रेक्षणिका––**आदि वाक्यों का प्रयोग का प्रयोग किया है।

पण्डितप्रवरश्री पन्नालाल जी सोनी ने **अभिषेकपाठसंग्रह** नामक कृति का संकलन किया है। उसमें उन्होंने अनेक अभिषेकपाठों का संकलन किया है। वे सारे अभिषेक वर्षों पूराने हैं।

ऐतिहासिक दृष्टि से विचार करने पर श्रवणबेलगोला का अभिषेक स्मरणीय है। आचार्यश्री नेमिचन्द्र जी महाराज जैसे वरिष्ठतम आचार्यदेव के सानिध्य में गुल्लिका अज्जी के द्वारा दूध का अभिषेक किया गया था। सारांश यह है कि अभिषेक मूलतः जैनपद्धति है।

प्रशस्ति

(छन्द = अनुष्टुप्)

विज्ञानं विमलं यस्य, भासते विश्वगोचरम्।
नमस्तस्मै श्री वीराय, पञ्चसंसारभेदिने।।
वन्देऽहं शारदा माता, जगद्ध्वान्तविनाशिनीम्।
भासिनीं विश्वतत्त्वानां, भानुभामिव निर्मलाम्।।
वन्दित्वा च गणाधीशं, गौतमं श्रुतपारगम्।
कुन्दकुन्दादि सूरीणां, वन्दे भक्त्या पुनः पुनः।।

(छन्द = उपजाति)

चारित्रचक्री सूरिरादिसिन्धु-,
स्तत्पट्टशिष्यो महावीरकीर्तिः।
तत्पट्टवारान्निधिपूर्णचन्द्रः,
श्री सन्मतिं हि प्रणमामि नित्यम्।।

(छन्द = अनुष्टुप्)

सन्मतेः पट्टशिष्योऽहं, सुविधिसिन्धुसञ्ज्ञकः।
अनुवादमकुर्वेऽहं, विशदा देशभाषया।।
यावच्छशिरवी भौमे, यावत् सलिलराशयः।
तावदयं सत्छास्त्रोऽपि, तिष्ठतु क्षितिमण्डले।।



परिचय

लेखिका

पूज्या गणिनी-आर्यिकाश्री सुविधिमती माताजी

भारत देश की इस पावन वसुन्धरा पर श्रमण-संस्कृति की अजस्र धारा को प्रवाहित कर अनन्त भव्यात्माओं का विकास करने वाले अनेक दिगम्बर तपस्वी सन्त हुये हैं। उस सन्त-परम्परा में रवि के समान तेजस्वी और शशि के समान कान्तिशाली सन्तप्रवर हैं, मेरे आराध्य गुरुदेव परम पूज्य आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज।

ये महान सन्त हैं। सरलता, गुरुभक्ति, आगमनिष्ठता, गुणानुराग, तार्किकता, निस्पृहता, श्रद्धा की अखण्डता, जिज्ञासा की प्रखरता, निर्भयता, निष्पक्षता, वात्सल्यता, लघुता, विनयता आदि अनेकानेक गुणरत्नों से युक्त सागर का नाम ही सुविधिसागर है। ऐसे अचिन्त्य-प्रज्ञाशक्ति के धारक, गुरुदेव का परिचय लिख पाना सहज नहीं है।

महाराष्ट्र प्रान्त के औरंगाबाद नामक शहर में धर्मरत्न श्री इन्द्रचन्द जी पापड़ीवाल (वर्तमान में संघस्थ मुनिश्री सुनम्रसागर जी महाराज) का घर-आँगन सब खिल उठा। सौभाग्यवती माता कंचनदेवी (वर्तमान में संघस्थ क्षुल्लिकाश्री सुध्येयमती माताजी) का प्रथम मातृत्व धन्य हो गया कि उनकी कोख से १९-३-१९७१ को ऐसे बालक ने जन्म लिया, जो विश्व के कल्याण को साधने वाला महान साधक बन गया।

नवजात बालक का नाम क्या रखा जाय? परिवार में इस विषय पर बहुत ऊहापोह हुये। सभी ने मिल कर पहले **यशवन्तकुमार** यह नाम रखा। दादी माँ (समाधिस्थ आर्यिकाश्री सुवर्णमती माताजी) इस नाम से सहमत नहीं हुई। उन्होंने बालक को **मनोजकुमार** कहना प्रारम्भ किया। परिवार के कुछ सदस्यों को यह नाम अच्छा नहीं लगा। अतः उन्होंने बालक को **जयकुमार** यह संज्ञा दी। माता का प्यार बालक को **जयेश** कह कर पुकारने

लगा। भाई, बहन और मित्रों के मध्य में यह नाम भी लम्बा था। अतः उन्होंने तो हमेशा **जय** कह कर ही पुकारा। इस प्रकार उस बालक ने बचपन में ही अनेक सार्थक नामों को सुशोभित किया।

जिस प्रकार दीपक स्वयं प्रकाशित होकर दूसरों को प्रकाशित करता है, उसी प्रकार जयकुमार भी स्वयं अपने जीवन को आदर्शमयी बना कर दूसरों को आदर्श की शिक्षा देने लगा। **कहो मत, करके दिखाओ** - यह नीति जयकुमार के जीवन का आदर्श थी। वे सदैव अपनी आदर्श नीति के परिपालक और उपदेशक रहे।

संघर्ष उत्कर्ष का बीज है - यह उक्ति चरित्रनायक के जीवन पर सार्थक होती दिखाई देती है। जयकुमार को बचपन से ही नासूर नामक अक्षिरोग था। देढ़ वर्ष की आयुपर्यन्त ही उनकी तीन बार शल्यचिकित्सा हो चुकी थी। पहली शल्यचिकित्सा के समय तो जयकुमार मात्र तीन दिन के थे। पन्द्रह वर्ष की आयु पर्यन्त छह बार नेत्रों की शल्यचिकित्सा हो चुकी थी।

एक बार चिकित्सकों ने माता कंचनबाई को सलाह दी कि बालक बहुत कमजोर और नेत्रशक्ति से हीन है। अतः इसे रोज एक/दो अण्डे खिलाये जाये। इससे इसका जीवन बच जायेगा। अन्यथा, यह बालक अकालमरण को प्राप्त कर सकता है।

माँ ने ओजपूर्ण शब्दों में कहा कि मुर्गी के होने वाले बच्चे को मार कर मैं अपने बच्चे को जीवित रखना नहीं चाहती। मेरे बेटे के भाग्य में अल्पायु और मेरे भाग्य में पुत्रसुख का अभाव ही लिखा हो तो विधि के इस लेख को कौन मिटा सकता है? यदि मेरा बेटा मर जाता है तो मैं दो /चार दिन रो लूँगी, किन्तु मुर्गी के बेटे को मार कर मैं जीवनभर की प्रसन्नता प्राप्त नहीं करना चाहती।

पाँच वर्ष तक भी जयकुमार ठीक से बैठ नहीं पाया। तब चिन्तित माता-पिता ने चिकित्सकों की शरण ग्रहण की। चिकित्सकों ने बताया कि बालक की रीढ़ की हड्डी कमजोर होने से बालक बैठ नहीं पा रहा है। जीवन भर सम्भवतः यह ठीक से नहीं बैठ पायेगा। आज भी आचार्यश्री की आँखें और कमर-ये दोनों अंग कमजोर हैं, किन्तु उनके आत्मबल की कितनी प्रशंसा की जाये कि वे सोलह-सोलह घण्टों तक अध्ययन करते हुये पाये जाते हैं।

उनकी सहिष्णुता जगत् को यह शिक्षा प्रदान करती है कि लगन सच्ची हो तो प्रतिकूलतायें भी अनुकूलताओं में परिवर्तित हो जाया करती हैं तथा किसी भी क्षेत्र में सफलता पाने के लिये शारीरिक बल और बाह्य व्यवस्थाओं से अधिक आत्मबल आवश्यक होता है। मनुष्य परिस्थितियों का दास नहीं, अपितु स्वामी है।

बाल्यकाल से ही जयकुमार की बुद्धि अतिशय तीक्ष्ण थी। पाठ्यविषय कितना ही कठिन क्यों न हो, उनके बुद्धिवैभव के कारण वह सरल हो जाया करता था। एक बार याद किया हुआ प्रकरण उन्हें सदा के लिये याद रह जाता है। परम पूज्य युगनायक, आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज उनके मस्तिष्क को कम्प्युटर की उपमा दिया करते थे। वाक्चातुर्य तो उन्हें मिला हुआ सृष्टि का अनोखा उपहार ही था।

मूर्ति लहान पण कीर्ति महान यह उक्ति उन पर अक्षरशः घटित हुआ करती थी। विद्याध्ययन की लगन तथा प्रत्युत्पन्नमति के कारण वे अपने इष्ट-मित्रों में सर्वप्रिय थे।

आपका स्पष्टवक्तव्य आपके व्यक्तित्व का महानतम अलंकरण है। यह गुण आपमें जन्मजात है। एक बार विद्यालय में नियम बना कि प्रत्येक विद्यार्थी टाई लगा कर तथा जूते पहन कर विद्यालय में आयेगा। जयकुमार ने दोनों ही नियमों का पालन नहीं किया। शिक्षक महोदय ने फटकार लगाते हुये कहा कि यदि विद्यालय में रहना हो तो टाई लगा कर और जूते पहन कर ही आना होगा।

जयकुमार ने कहा - गुरुजी! मैं विद्यालय को सरस्वती का मन्दिर मानता हूँ। मन्दिरों में जूते पहन कर जाने जैसा असभ्य मैं नहीं हूँ। रही बात टाई की, मैं जैन हूँ। ईसाइयों का प्रतीक चिह्न अथवा फैशन का प्रतीक चिह्न पहन कर मैं अध्ययन नहीं करूँगा। विद्यार्थी का प्रमुख लक्षण विनय है, वस्त्राभूषण नहीं। अतः मैं केवल विनय को धारण करके विद्यालय में आ सकता हूँ। अन्ततः आपको इस कार्य को बाध्य नहीं किया गया।

आप जब नौवीं कक्षा में अध्ययन कर रहे थे, तब विद्यालय में पन्द्रह अगस्त के निमित्त से तैयारियाँ चल रही थी। राष्ट्रगीत पुनः पुनः बुलवाया जा रहा था। जयकुमार अपनी कक्षा में जाकर बैठ गये। शिक्षक ने इस दृश्य

को देख कर उन्हें राष्ट्रगीत को पुनरावर्तन करने का आदेश दिया। जयकुमार ने स्पष्टतः नकार दिया। बात इतनी बढ़ी कि यह प्रसंग प्रधानाध्यापिका तक जा पहुँचा। उन्होंने पूछा - जयकुमार! तुम इस तैयारी में सम्मिलित क्यों नहीं हो रहे हो? जयकुमार ने उत्तर दिया कि जिस बालक को राष्ट्रगीत नहीं आता हो, उसे नौवीं कक्षा में बैठने का अधिकार है क्या? यदि राष्ट्रगीत व्यवस्थित आता हो तो फिर उसे स्वतन्त्रतादिवस के अवसर पर तैयारी करने की आवश्यकता ही क्या है? उनके इस तर्क का उत्तर किसी भी शिक्षक अथवा शिक्षिका के पास नहीं था। अन्ततः विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने निर्णय दिया कि तुम इस तैयारी में सम्मिलित नहीं होना चाहो तो मत हो, किन्तु तुमसे एक प्रार्थना है कि यह तर्क अन्य छात्रों के मध्य मत देना, क्योंकि हमें तो औपचारिकता का निर्वहन करना ही पड़ेगा।

साधुओं की वैयावृत्ति करना तथा दीन-अनाथों की सेवा करना उनका स्वाभाविक गुण था। धार्मिक संस्कार तो जैसे उनमें पूर्वभव के ही अनुगामी थे। निरन्तर गृहत्याग करने के लिये आपका मन छटपटाया करता था।

छठीं, सातवीं तथा आठवीं कक्षा की पढ़ाई के लिये आपको बाहुबली (कुम्भोज) के बाल-ब्रह्मचर्याश्रम में रखा गया। उस समय श्रीक्षेत्र पर परम पूज्य मुनिप्रवरश्री समन्तभद्र जी महाराज विराजमान थे। वे आगम के तलस्पर्शी विद्वान तथा ज्येष्ठ सन्त थे। उनकी वन्दना करने के लिये अथवा उनसे शिक्षा पाने के लिये भी साधुओं का आगमन इस क्षेत्र पर हुआ करता था। अतः माता-पिता से दूर रहने का आपको कभी दुःख नहीं हुआ। आप तो गुरु-चरणों में रह कर अत्यानन्द में थे। मुनिप्रवरश्री का स्नेह आपको पुनः पुनः उनके चरणों में ले जाया करता था। आप भी गुरुदेव की सेवा कर पुण्यार्जन कर रहे थे। विद्यालय से अवकाश पाने के उपरान्त आप अपना समय गुरुचरणों में ही व्यतीत किया करते थे। गुरुसंगति आपकी पात्रता के विकास में कारण बनी। वही पात्रता का विकास आपकी संयमयात्रा का कारण बना।

एक दिन विद्यालय में जयकुमार का ओजपूर्ण भाषण हुआ। उस कार्यक्रम में मुनिप्रवरश्री समन्तभद्र जी महाराज का मंगल सानिध्य प्राप्त था। मुनिप्रवरश्री जयकुमार के भाषण को सुन कर बहुत प्रभावित हुये। उन्हें बालक में धर्म

का भावी कर्णधार दिखाई देने लगा। सायंकाल के समय जब जयकुमार गुरुवन्दना के लिये पहुँचे तो गुरुदेव ने कहा - आप होनहार बालक हैं। आप यदि अपने आपको धर्म को सौंप देते हो तो आपका तो भला होगा ही, साथ में अनेक भव्य जीवों का भी भला होगा। गुरुमुख से इतनी बड़ी बात सुन कर जयकुमार अभिभूत हो उठे। एक बार मन से मन के तार मिलने के बाद कौन बुद्धिमान विलम्ब करेगा? जिसे गुरुकृपा मिल जाती है, उसे तो मोक्षमार्ग ही क्या? साक्षात् मोक्ष ही मिल जाता है। जयकुमार शीघ्र ही श्रीफल लेकर आया और गुरुचरणों में समर्पित कर बोला-हे गुरुदेव! मुझ पर अनुग्रह करते हुये आप मुझे आजीवन ब्रह्मचर्यव्रत प्रदान कीजिये।

गुरुदेव ने कहा - बेटा! अभी तुम बहुत छोटे हो। जयकुमार ने कहा - गुरुदेव! आप जैसे महान अनुभवी के श्रीचरणों का आश्रय पाकर मैं अपने आप ही बड़ा बन जाऊँगा। गुरुदेव को व्रत देने में कुछ संकोच-सा हो रहा था। अतः उन्होंने टालने की दृष्टि से कहा कि तुम्हारे माता-पिता यहाँ नहीं हैं। तुम उन्हें आने दो। उनके आने पर व्रत-विषयक चर्चा करेंगे। किन्तु जयकुमार कहाँ मानने वाला था। उसका मन तो व्रतों को ग्रहण करने के लिये छटपटा रहा था।

उसने हाथ जोड़ कर कहा - गुरुदेव ! मेरी तो माता भी आप हैं और पिता भी। आपके अतिरिक्त मेरा इस दुनियाँ में कोई नहीं है। अतः मेरा उद्धार करने में विलम्ब मत कीजिये और मुझे यह महानतम व्रत प्रदान कर मुझ पर आपका आशीर्वाद बनाये रखिये।

ऐसे अनूठे शिष्य को प्राप्त करके कौन सद्गुरु आनन्दित नहीं होगा? फिर भी, मुनिप्रवरश्री अचानक इतने बड़े व्रत को देने तैयार नहीं हुये। उन्होंने समझाया कि अभी आप केवल आयु के पच्चीस वर्षपर्यन्त ब्रह्मचर्य से रहने का नियम कीजिये। उचित समय आने पर आगे की चर्चा करेंगे। जयकुमार का मन नहीं मान रहा था, किन्तु गुरु आज्ञा अनुलंघ्यनीय होती है। यही सोच कर उसने आयु के पच्चीस वर्षपर्यन्त ब्रह्मचारी रहने का नियम कर लिया। उसी दिन उसने कन्दमूलत्याग, रात्रिभोजनत्याग, शूद्रजलत्याग आदि अनेक प्रकार के नियम ले लिये। उसी दिन जयकुमार ने आजीवन जूते-चप्पल आदि का त्याग कर दिया। उस समय जयकुमार की आयु मात्र

दस वर्ष की थी। गृहीत नियमों का परिपालन करते समय उनमें कभी प्रमाद नहीं आया। व्रतों के प्रति वे सदैव उत्साही रहते थे।

आपने दसवीं की परीक्षा दी। परीक्षा के दूसरे ही दिन आपने गुरुचरणों में पहुँचने का मानस बनाया। आपने माता-पिता से अनुमति चाही। २८-४-१९८६ को आपने प्रातः पाँच बजे घर छोड़ा और गुरु-चरणों का वरण किया। उस समय आपकी आयु पन्द्रह वर्ष एक माह और नौ दिनों की थी। अल्पायु में इस प्रकार का अद्भुत साहस प्रशंसनीय है।

जयकुमार ने अक्षयतृतीया (ईसवी सन् १९८६) के पावन अवसर पर नेरी में (जलगाँव) आजीवन ब्रह्मचर्यव्रत ग्रहण किया। गुरुदेव ने उनका नाम ब्रह्मचारी जैनेन्द्रकुमार रखा। उस दिन से आपने धोती-दुपट्टा इन दो वस्त्रों के अतिरिक्त अन्य वस्त्रों का भी त्याग कर दिया। धोतियों की संख्या भी परिमित कर केवल तीन ही रखी। आजीवन के लिये संकल्पपूर्वक घर का परित्याग कर दिया।

आषाढ़ शुक्ला अष्टमी के दिन आपने अतिशय क्षेत्र कचनेर (औरंगाबाद) में सातवीं प्रतिमा का व्रत भी ग्रहण कर लिया। अस्वस्थ अवस्था में सायंकाल में जल की छूट रख कर आपने शेष काल में एकाशन का नियम भी लिया। दिनांक १०-३-१९८७ को आपने गुरुदेव से निवेदन किया कि आपका दीक्षादिवस दिनांक १३-३-१९८७ को आ रहा है। उसी दिन आप मुझे जिनदीक्षा दीजिये। गुरुदेव ने कहा कि मैं क्षुल्लक दीक्षा दे सकता हूँ। शिऊर नगर में दिनांक १३ मार्च १९८७ को जैनेन्द्रकुमार क्षुल्लकश्री रवीन्द्रसागर जी महाराज बन गये।

क्षुल्लक अवस्था में आपका वर्षायोग न्यायडोंगरी (नाशिक) में हुआ था। आपकी चारित्रनिष्ठा से प्रभावित होकर गुरुदेव ने २१-१०-१९८७ को आपको ऐलक दीक्षा प्रदान की। दीक्षा के उपरान्त आपका नाम ऐलकश्री **रूपेन्द्रसागर** जी महाराज रखा गया।

आप गुरुचरणों से निकल कर अपने दादागुरु परम पूज्य आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज के श्रीचरणों में पहुँचे। संघ के साधुओं की वैयावृत्ति करना, ध्यान-अध्ययन में रत रहने का प्रयत्न करना आदि वृत्ति के कारण ऐलक जी ने संघ का मन मोह लिया।

वैशाख शुक्ला सप्तमी (११ मई १९८९) के पावन अवसर पर प्रातःकालीन शुभ बेला में ऐलक जी की मुनिदीक्षा सम्पन्न हुई। नवदीक्षित मुनि को गुरुदेव ने **सुविधिसागर** नाम प्रदान किया। गुरुदेव के द्वारा रखा गया यह नाम कितना अन्वर्थक है? इसे सभी जानते हैं।

दीक्षा के उपरान्त आपकी ज्ञानपिपासा अत्यधिक तीव्र हो गई। सागवाड़ा में हुये पहले वर्षायोग में ही आपने गुरु के आदेश से ज्योतिष में कुण्डली का अध्ययन किया तथा स्वर-ज्योतिष पढ़ा। उस वर्षायोग में गुरुदेव ने आपको आयुर्वेदशास्त्र और मन्त्रशास्त्र के अनेक रहस्यों से परिचित कराया। गुरुचरणों में बैठ कर अभीक्ष्णज्ञानोपयोगी बन कर आप चारों अनुयोगों का अध्ययन करते थे।

वर्षायोग के उपरान्त आपने गुरु के सानिध्य को छोड़ कर ज्ञान की प्राप्ति के साधन जुटाने प्रारम्भ किये। इसके फल से आप शीघ्र ही संस्कृत और प्राकृत भाषा के अध्येता बन गये। आपने अपने बल पर आगम, अध्यात्म, न्याय और आचारशास्त्रों का अध्ययन किया। विचारों की परिशुद्धि के लिये आप पुराणशास्त्रों का स्वाध्याय करते थे। आप चारों ही अनुयोगों में पारंगत हैं। आपने लौकिक विषयों का भी भली-भाँति अध्ययन किया है। छन्द, ज्योतिष, आयुर्वेद, मन्त्र, योगचिकित्सा, चुम्बकचिकित्सा, एक्युप्रेशर-चिकित्सा, एक्युपंचरचिकित्सा, मालिशचिकित्सा, रेकी आदि का भी आपने विधिवत् अध्ययन किया है।

अजैन ग्रन्थों का अध्ययन भी आपने अत्यन्त लगन से किया है। चारों वेद, अठारह पुराण, कुछ उपपुराण, एक सौ आठ उपनिषद, बीस स्मृतियों का अध्ययन कर आपने वैदिक ग्रन्थों का ज्ञान प्राप्त किया। गीता की सात संस्कृत टीकाओं का अध्ययन आपने किया है। कुराण शरीफ और कुराण हदीस भी आपने पढ़ा। अन्य धर्मों के प्रमुख ग्रन्थ भी आपने पढ़े। इस प्रकार अध्ययन के क्षेत्र में आपने बहुत उन्नति की।

आप तुलनात्मक अध्ययन के पक्षधर हैं। किसी मत की आलोचना करने की अपेक्षा आप उसे समझने में अधिक रुचि रखते हैं। आपका मानना है कि जैनाचार्यों ने अपने अनुभव के बल पर जिनेन्द्रवाणी का जो लिपिकरण किया है, वह पूर्णरूप से यथार्थ है। समयानुसार प्रतिपादन करने की शैली

में परिवर्तन हो जाये तो जैनधर्म विश्वधर्म बन कर वैश्विक समस्याओं का निराकरण करने में सहयोगी बन सकता है।

जिनवाणी की सेवा करने वाले साधुओं में आपका नाम शीर्षस्थ है। श्रावकों को आप स्वाध्याय करने की प्रेरणा देते हैं। समाज को प्रकाशक के द्वारा निर्द्धारित किये गये मूल्य से आधे मूल्य में ग्रन्थ उपलब्ध हो - ऐसे प्रयत्न आपने अनेक स्थानों पर किये।

अमीर-गरीब, प्रसिद्ध-अप्रसिद्ध आदि भेद आपके चरणों में नहीं पाया जाता। यही कारण है कि जो एक बार आपके चरणों में जुड़ जाता है, वह आपका होकर रहता है। जिनवाणी की सेवा आपका मूल ध्येय है। यह सब सच होते हुये भी आप अपने आवश्यक कर्त्तव्यों के परिपालन में भी उतने ही नियमबद्ध हैं।

आपका आहार शुद्ध और सात्विक है। यही कारण है कि आपको औषधियों के सेवन करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। शिष्यों को भी आप यही समझाते हैं कि भ्रमरवृत्ति से आहार करो तो कभी कष्ट नहीं होगा। भोजनसंयम को आप सकलसंयम का मूलस्तम्भ मानते हैं।

गुरुदेव ने आपकी पात्रता को विलोक कर १९९७ में ही आपके **आचार्यपद** की घोषणा कर दी। गुरुदेव का आदेश **रत्नत्रयनिधिद्धार** नामक ग्रन्थ में प्रकाशित भी हो गया, किन्तु आपने उस पद का कभी प्रयोग नहीं किया।

दिनांक २०-६-२००४ का वह शुभ दिन भी आया। नरवाली (राजस्थान) में परम पूज्य सिद्धान्त-चक्रवर्ती, आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज ने अपने सुयोग्य शिष्य पर आचार्यपद के संस्कार किये।

यह महानतम आश्चर्य था कि उस समय आचार्यश्री एक पाटे पर विराजमान थे और आचार्यपद को ग्रहण करने वाला शिष्य सिंहासन पर आरूढ़ था। मन्त्र-संस्कार के मध्य में जब पैरों में चन्दन के द्वारा तिलक निकालने का अवसर आया, तब गुरुदेव ने स्वयं ही अपने शिष्य के पैरों पर तिलक लगाया। स्वयं ने छत्तीस मूलगुणों के संस्कार किये।

प्रतिष्ठाचार्यश्री महावीर जी जैन (भिंगला वाले), स्थानीय प्रतिष्ठाचार्यश्री कारुलाल जी जैन तथा संघसंचालिका मैनाबाई ने सिंहासनशुद्धि, पादपूजन आदि सम्पूर्ण संस्कार किये।

प्रवचन में आचार्यश्री ने एक महत्त्वपूर्ण रहस्य को उद्घाटित किया कि **हमारी समाधि के पश्चात् आपको इस संघ के संचालक पद पर नियुक्त करते हैं।** अर्थात् गुरुदेव ने उस दिन केवल आचार्यपद ही नहीं दिया था, अपितु उत्तराधिकारीत्व भी उद्घोषित किया था। आचार्यश्री का वह प्रवचन आचार्यश्री के आशीर्वाद से प्रकाशित होने वाली **अंकलीकर वाणी** (जुलाई २००४) नामक मासिक पत्रिका में यथावत् प्रकाशित हुआ है। उसी का प्रकाशन **अक्षय-ज्योति** के आचार्यपद विशेषांक (अक्तुबर, २००४) में हुआ है। आपने २००४ का वर्षायोग ओबरी (राजस्थान) में किया तथा वर्षायोग के पश्चात् आप पुनः गुरुदेव के पास खमेरा पहुँचे।

आपने गुरुदेव से निवेदन किया कि प्रायश्चित्तग्रन्थ रहस्यग्रन्थ है। इसका अध्ययन गुरुमुख से हो तो अधिक उचित है। अतः आप मुझे इस ग्रन्थ का अध्ययन करा दीजिये। अपने शिष्य के इस निवेदन को सुन कर अपने उत्तराधिकारी को प्रायश्चित्तशास्त्र में पारंगत करने के लिये स्वयं गुरुदेव ने उस शास्त्र का अध्ययन कराया। इस अध्ययन में परम पूज्य आचार्यश्री चन्द्रसागर जी महाराज आपके सहपाठी थे।

ईसवी सन् २००७ में आचार्यश्री का वर्षायोग मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक भूमि मन्दसौर नगरी में हुआ। एक दिन **राजीव गाँधी शासकीय महाविद्यालय** में **कालिदास समारोह** का आयोजन किया गया था। उस कार्यक्रम में आपको भी आमन्त्रित किया गया था। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के अतिरिक्त कालिदास अकादमी-उज्जैन तथा मध्यप्रदेश सांस्कृतिक संरक्षक संघ-भोपाल ने किया था। चर्चा का विषय था-**मालवांचल और कवि कालिदास।** कार्यक्रम के अन्त में आपका मांगलिक प्रवचन हुआ। आपने कालिदास के दूतकाव्य पर आधारित जैन दूतकाव्य ग्रन्थों का परिचय प्रस्तुत किया। प्रवचन के उपरान्त तीनों संस्थाओं के संयुक्त तत्त्वावधान में आपको **विद्या-वाचस्पति** यह अलंकरण प्रदान किया गया।

मन्दसौर के वर्षायोग में ही आपने **समग्र जैन ग्रन्थकोश** जैसे संगणक कोश की महानतम रचना की। जैन ग्रन्थों की सुरक्षा के लिये किया गया यह अनुपम उद्यम है। आपके द्वारा **जैन ग्रन्थ संग्रह** नामक संगणक कोश की भी रचना की गई है। आपके द्वारा बालकों का ज्ञानवर्द्धन करने के लिये

जिन संगणक क्रीड़ालयों का निर्माण किया गया, उनके कारण जिनशासन की अभूतपूर्व प्रभावना हो रही है।

सन् २००९ का वर्षायोग मदनगंज-किशनगढ़ (राजस्थान) में सम्पन्न हुआ। गुरुदेव के आदेश को प्राप्त कर आपने वर्षायोग के तत्काल बाद वहाँ से विहार किया। विशाल संघ के साथ मात्र ढ़ाई माह में आपने चौदह सौ किलोमीटर का विहार पूर्ण किया। दिनांक १८-१-२०१० को प्रातःकालीन बेला में आप गुरुचरणों में पहुँचे। वहाँ संघ और समाज के द्वारा जो स्वागत हुआ, वह अभूतपूर्व था।

दिनांक २४-१२-२०१० को कोल्हापुर में परम पूज्य आगमकोविद, आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज का प्रातः कालीन बेला में (ब्रह्ममुहूर्त) में समाधिमरण हुआ। २००४ में गुरु महाराज के द्वारा नरवाली में की गई उद्घोषणा के अनुसार उस दिन से आप उनके पट्टाधीश बन गए। पट्टाचार्यपद की अनुमोदना परम पूज्य स्याद्वादकेसरी, गणधराचार्यश्री कुन्थुसागर जी महाराज तथा परम्परा के लगभग पच्चीस आचार्यों ने की। यह आपकी सर्वप्रियता का उदाहरण है। इतने बड़े पद पर अवस्थित रहते हुये भी आप अहंकार के द्वारा अस्पर्शित हैं।

दिनांक ११-५-२०१३ को आपका पच्चीसवाँ दीक्षादिवस था। उस दिन श्रीक्षेत्र कुन्थुगिरि में आपके द्वारा लिखित, रचित और अनुवादित पचहत्तर ग्रन्थों का विमोचन परम पूज्य गणधराचार्यश्री कुन्थुसागर जी महाराज के मांगलिक सानिध्य में सम्पन्न हुआ। यह वैश्विक कीर्तिमान था। इस कीर्तिमान के लिये **अॅमेझिंग विश्व रिकॉर्ड** ने आपको पुरस्कृत किया और **लिमका बुक ऑफ रिकॉर्डस्** में आपका नाम अंकित हुआ।

दिनांक ४-५-२०१७ को आपके द्वारा लिखित छब्बीस विधान कृतियों का भी विमोचन हुआ।

आप अनाग्रही व्यक्तित्व के धारक हैं। आपका विहार किसी भी क्षेत्र में हुआ हो, आपने जिनालय की परम्परा का विरोध नहीं किया। आप मानते हैं कि जिस जिनालय में जो परम्परा चल रही है, उसे यथावत् रखना चाहिये, जिससे सामाजिक एकता भंग नहीं होती। आपका जीवन सहज और सरल है। आपकी चर्या में आगम की मर्यादा स्पष्टरूप से झलकती है। शिष्यों के

प्रति आपका अगाध वात्सल्य है। जिनवाणी के प्रति आपकी अपूर्व भक्ति है। गुरु-परम्परा के प्रति आप अत्यन्त एकनिष्ठ हैं। परसंघीय साधुओं के प्रति आपका अनुराग विलोकनीय है। प्रत्येक संघ का गुणानुवाद आप मुक्तकण्ठ से किया करते हैं। आपकी स्मरणशक्ति की जितनी प्रशंसा की जाये, उतनी ही कम है। श्रद्धा, ज्ञान और चारित्र की भाँति आपका तप भी अनुपम है। इसका अनुमान इससे ही लगाया जा सकता है कि २०११ से २०१७ के छह वर्षीय कालखण्ड में आपने पाँच सौ से अधिक उपवास किये हैं। आप अनेक संघों के साधुओं के अध्ययन में सहयोगी बनते रहे हैं। आप क्षपक की जिस प्रकार सेवा करते हैं, वैसी सेवा देखने अन्यत्र नहीं मिल सकती। आप संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, मराठी, हिन्दी इन पाँच भाषाओं में साहित्य की रचना करने में समर्थ हैं। कविताओं का निर्माण, भजनों की रचना करना एवं मुक्तकों की रचना करना आपका छन्द है।

आपका ज्ञान और ध्यान नित्य ही प्रवर्द्धमान रहें, आपके द्वारा की जाने वाली जिनवाणी की सेवा नित्य प्रति प्रगति करती रहें, आपका शिष्यरूपी उपवन निरन्तर हँसता-मुस्कुराता रहें, आपके द्वारा अपूर्व धर्मप्रभावना हों, आपकी अमृतवाणीरूपी गंगा में अवगाहन करके भव्यसमूह शान्ति प्राप्त करें, आपकी कीर्ति जगद्-व्यापिनी बन कर जग के मैल का अपहरण करें, आप दीर्घायु होवें - मैं यही मंगल कामना करती हूँ।

वर्तमान में अनेक आचार्य-परमेष्ठी इस भूतल को पवित्र कर रहे हैं। उनमें आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज का स्थान अँगुठी में नगीने **के भांति है।**

वे ऐसे आचार्य हैं, जिन्होंने अपनी दादी-माता-पिता और बहन को भी दीक्षित किया। आगम का तलस्पर्शी ज्ञान और तप का संगम उनके जीवन में देखा जा सकता है।

वे ऐसे आचार्य हैं, जिन्होंने संगणक पर अपूर्व ग्रन्थकोश का निर्माण किया, जिसके कारण अनेक स्वाध्यायप्रेमी बन्धु घर बैठे मूल ग्रन्थों का स्वाध्याय कर पा रहे हैं।

गुणगम्भीर, आर्षमार्ग के प्रचारक, निर्भिक वक्ता, चतुर्थ-पट्टाधीश, परम पूज्य आचार्यश्री को मेरा शत-शत नमन।

सुविधि-अष्टकम्

देवागमगुरुभक्त-विशदा कीर्तिधारकः।
ज्ञानवैराग्यसिद्ध्यर्थं, वन्दे सुविधिसागरम्।।१।।

क्षमादि श्रेष्ठधर्माणां, ह्याचाराणां च पालकः।
शुद्धसम्यक्त्वलाभार्थं, वन्दे सुविधिसागरम्।।२।।

तपस्या चक्रवर्तीश्च, सन्मार्गस्य प्रदीपकः।
ज्ञानध्यानतपोपूतो-वन्दे सुविधिसागरम्।।३।।

षडावश्यककार्याणां, त्रिगुप्तेश्च प्रपालकः।
कामसुभटजेता त्वं, वन्दे सुविधिसागरम्।।४।।

सौम्यमूर्तिर्महाध्यानी, भव्यजीवप्रबोधकः।
हितोद्योगी मृदुभाषी, वन्दे सुविधिसागरम्।।५।।

दीक्षाशिक्षाप्रदातारं, शिष्यानामनुग्राहकः।
श्रेयोमार्गे सदारूढं, वन्दे सुविधिसागरम्।।६।।

हृदये वसते शुद्धिर्वचने च सरस्वती।
काये चरित्रधर्त्तारं, वन्दे सुविधिसागरम्।।७।।

इदं स्तोत्रं पठेन्नित्यं, त्रैविद्यं स्नेहपूर्वकम्।
लभते स च निर्वाणं, हीदमपि न संशयः।।८।।

रचयित्री

पूज्या बालब्रह्मचारिणी, आर्यिकाश्री
सुस्नेहमती माताजी

उपलब्ध साहित्य

ग्रन्थसाहित्य

अणुपेहा
दंसणसारो
ज्ञानांकुशम्
झाणाज्झयणपाहुड
करलक्खणं
कषायजयभावना
श्री मल्लिनाथ पुराण
णाणसारो
णयलक्खणं
नवपदार्थनिश्चय
प्रमाणप्रमेयकलिका
प्रश्नोत्तररत्नमालिका
रत्नमाला
सज्जनचित्तवल्लभ
संबोह पंचासिया
शासनचतुस्त्रिंशिका
सुगन्धदशमी कथा
स्वतन्त्रवचनामृतम्
सिद्धंतसारो
वैराग्यमणिमाला
व्रतफलम्
श्रीपुराण
श्री गौतमस्वामी चरित्र
श्री सुदर्शन चरित्र
दव्वणिमित्तं
प्रश्नमाला

पाठ्यसाहित्य

भगवान अनन्तवीर्य
आओ, खेलें क्रिकेट
धर्म और संस्कृति
धर्मचक्र
एक के बाद एक
ज्ञाननिधि क्रीड़ालय
कौन बनेगा जिनवाणीनन्दन?
कैद में फँसी है आत्मा
कालसर्पयोग : एक भ्रम
रहस्यों का भण्डार : महामन्त्र णमोकार
पंचकल्याणक : स्वरूप एवं विश्लेषण
परम प्रामाणिक अनुयोग : प्रथमानुयोग
साँपसीढ़ी प्रतियोगिता
जैनधर्म में स्तुति : एक अध्ययन
सुविधि चिन्तनपुष्प
सुविधि आसनचिकित्सा
सुविधि चिकित्सासार
सुविधिप्रश्नमणिमाला
स्वाध्यायक्रमदर्पण
सुविधि वचनपराग
स्वास्थ्य ही जीवन
श्रीक्षेत्र श्रवणबेलगोला
स्मरणशक्ति का विकास कैसे करें?
तोल मोल के बोल
तीर्थंकर-दर्शन

विधानसाहित्य

श्री आदिनाथ विधान
श्री अजितनाथ विधान
श्री सम्भवनाथ विधान
श्री अभिनन्दननाथ विधान
श्री चन्द्रप्रभ विधान
श्री वासुपूज्य विधान
श्री कुन्थुनाथ विधान
श्री मुनिसुव्रतनाथ विधान
श्री सम्मेदशिखर विधान
श्री पंचकल्याणक विधान
श्री कल्याणमन्दिर विधान
श्री भक्तामर विधान
श्री तत्त्वार्थसूत्र विधान
श्री रोटतीज व्रत
श्री रविव्रत मण्डल
श्री जिनगुणसम्पत्ति व्रत
श्री श्रुतस्कन्ध विधान
श्री सुगन्धदशमी व्रत विधान
श्री निर्दुःखसप्तमी व्रत विधान
श्री रत्नत्रय व्रत विधान
श्री तपःशुद्धि विधान
श्री सहस्रनाम विधान
श्री दर्शनविशुद्धिभावना विधान
श्री कल्याणभावना विधान
श्री बाहुबली विधान

विधानसाहित्य

अष्टाह्निका विधान
चन्दनषष्ठी विधान
एकीभाव विधान
ज्ञानपच्चीसी विधान
कर्मदहन विधान
कवलचन्द्रायण विधान
कुन्थुगिरि विधान
लघु सिद्धचक्र विधान
मृत्युंजय विधान
णमोकारमहामन्त्र विधान
पंचमेरु विधान
पुष्पांजली विधान
रत्नत्रय (बृहत्) विधान
सर्वदोषप्रायश्चित्त विधान
शान्ति विधान
शान्तिनाथ विधान
शान्तिभक्ति विधान
धवला विधान
श्रेयांसनाथ विधान
गणधरवलय विधान
ज्ञानार्णव विधान
त्रेपनक्रियाव्रत विधान
वर्तमान चतुर्विंशतितीर्थंकर विधान
विद्यमान विंशतितीर्थंकर विधान
व्रतभावना विधान
विषापहार विधान

इनके अतिरिक्त अनेक प्रकार के और अनेक विधाओं के साहित्य की रचना आपने की है, जो जन-जन को प्रबोधित करने में सक्षम है।